राज्य मंत्री अजय भट्ट से शिष्टाचार भेंट करते हुए मुख्यमंत्री।



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शिष्टाचार भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्य में पर्यटन की विभिन्न गतिविधियों एवं राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री गणेश जोशी, डॉ. धन सिंह रावत, विधायक एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, विधायक केदार सिंह रावत, भाजपा के महामंत्री संगठन अजय कुमार, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट, पुनीत मित्तल उपस्थित थे।

### उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे में 31 लोग संक्रमित, 41 मरीज हुए स्वस्थ

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे में 31 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। वहीं, कोरोना संक्रमित एक मरीज की मौत भी हुई है। जबकि 41 मरीज कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो गए हैं। संक्रमण दर 0.16 फीसद रही है। वहीं, अब राज्य में एक्टिव केस की संख्या 330 रह गई है।

### शिविर में 120 लोगों को लगी कोविशील्ड वैक्सीन

**संवाददाता** देहरादून। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, आढ़त बाजार, देहरादून के तत्ववाधान में अयोजित कोविड–19 वैक्सीनेशन शिविर में 120 व्यक्तियों ने कोविशील्ड वैक्सीन लगवाई। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, आढ़त बाजार में प्रातः अरदास के पश्चात वैक्सीनेशन का कार्य आरम्भ हुआ। आज +18 आयु वालों को 120 वैक्सीन लगाई गई स गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, प्रधान गुरबक्श सिंह राजन एवं महासचिव गुलज़ार सिंह ने कहा कि दिनांक 18.8.2021को भी प्रातरू9.0 बजे से सांय 5.0 बजे तक वैक्सीन लगेगी,उन्होंने ने कहा कि कैम्प में मास्क पहनकर आना जरुरी है एवं सोशल डिस्टेंस मेन्टेन करना जरुरी है।

### धीरेंद्र प्रताप ने उड़ाया अरविंद केजरीवाल की घोषणा का मखौल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा उत्तराखंड के भावी मुख्यमंत्री के रूप में कर्नल कोठियाल को घोषित किए जाने का मजाक उड़ाते हुए आज कहा है कि ना नौ मन तेल होगा ना राधा नाचेगी। उन्होंने अरविंद केजरीवाल की घोषणा को मुंगेरीलाल के हसीन सपने बताया।धीरेंद्र प्रताप ने दावा किया उत्तराखंड में कांग्रेस की लहर चल रही है और जिस दिन भी राज्य में चुनाव होंगे भाजपा का तो सूपड़ा साफ होगा ही आप जैसी अवसरवादी पार्टियां भी खाता तक ना खोल सकेगी।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया निशुल्क जांच योजना का शुभारंभ

**योजना**

■ राज्य के प्रमुख जिला, उप जिला चिकित्सालयों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर चरणबद्ध तरीके से निःशुल्क जांच योजना आज से लागू





**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड में स्वास्थ्य सेवाओं के विकास एवं विस्तार के लिये एक नयी योजना अस्तित्व में आ गयी है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ० धन सिंह रावत की उपस्थिति में निःशुल्क पैथोलॉजी जांच योजना का शुभारम्भ करते हुए इसे राज्य की जनता को समर्पित किया। देहरादून के जिला चिकित्सालय (कोरोनेशन) अस्पताल) में आयोजित शुभारम्भ कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपुर विधायक श्री खजान दास द्वारा की गयी।

**स्टैंडर्ड डायग्नोस्टिक प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा सुनिश्चितः** सेवा प्रदाता के साथ किए गए अनुबंध के अनुसार लैब/प्रयोगशाला हब मॉडल के अनुसार कार्य करेगी, जिसे कलेक्शन सेंटर एंड टेस्टिंग सेंटर या स्पोक कलेक्शन सेंटर मॉडल अनुरूप क्रियान्वित किया जायेगा। लैब द्वारा की जाने वाली समस्त जांचों एवं वहां पर कार्य करने वाले तकनीशियन/पैथोलॉजिस्ट एवं अन्य मानव संसाधन के संबंध में एनएबीएल गाईडलाईन/एस0ओ0पी0 का अनुपालन करना आवश्यक किया गया है।

पैथोलॉजी सैम्पल जांच रिपोर्ट के संबंध में आन्तरिक एवं बाह्य गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सेवा प्रदाता द्वारा स्टैंडर्ड डायग्नोस्टिक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त यह लैब समुदाय हेतु प्राइमरी डायग्नोस्टिक टेस्ट की उपलब्धता भी सुनिश्चित करेगी।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा इस योजना को संचालित करने के लिए रू० 5 करोड़ का बजट प्राविधान किया गया है। मिशन द्वारा अनुबंधित फर्म के स्तर से लगभग 500 मानव संसाधन का रोजगार सृजन होगा, जिन्हें सेवा प्रदाता की ओर से नियुक्त किया जा रहा है। इस योजना के लागू होने से उपचार के दौरान मरीजों के अतिरिक्त जेब खर्च में कटौती होगी और जन सामान्य को स्वास्थ्य उपचार लेने में सहायता होगी।

योजना के शुभारम्भ अवसर पर सचिव श्री अमित नेगी, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ० तृप्ति बहुगुणा, निदेशक एन०एच०एम० डॉ० सरोज नैथानी, जिला चिकित्सालय की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ० शिखा जंगपांगी, चन्दन हैल्थ केयर के डायरेक्टर अमित श्रीवास्तव, एनएचएम तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण एवं जिला चिकित्सा के समस्त चिकित्सक एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित हुए।

### योजना में 207 प्रकार की पैथोलॉजिकल जांचें शामिल

योजना का क्रियान्वयन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा लोक निजी सहभागिता के अनुसार होगा। निःशुल्क जांच योजना के अन्तर्गत 207 प्रकार की पैथोलॉजिकल जांच को सम्मिलित किया गया है, जिसके लागू होने से सरकारी अस्पतालों में पैथोलॉजी सुविधाओं का सुदृ ढीकरण होगा।

# यह देखिए सर, सब फंसे हुए हैं...

**गुहार**

■ दून के कई लोग अफगानिस्तान में फंसे, वीडियो बनाकर मांगी मदद



**संवाददाता**

देहरादून। अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद चारों तरफ अफरातफरी का माहौल है। देहरादून के भी कई लोग अफगानिस्तान में फंसे हैं, जिससे स्वजन और मित्र परेशान भटक रहे हैं। वहीं, अफगानिस्तान में फंसे लोगों ने वीडियो जारी कर भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है। इसमें बताया जा रहा है कि किस तरह कंपनी ने उनका साथ छोड़ दिया है और वह वहां से नहीं निकल पा रहे हैं।

अफानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद से ही अफरातफरी का माहौल है। इस बीच वहां काफी संख्या में भारतीय भी फंसे हैं। इनमें कुछ लोग देहरादून के भी हैं। इन लोगों ने काबुल में शरण ले रखी है। उन्होंने एक वीडियो बनाकर मदद की गुहार लगाई है। एक व्यक्ति वीडियो बनाते हुए कह रहा है कि नमस्कार सर, सर देखिए यहां आप हम काबुल में करीब 140 इंडियन जो हैं, कंपनी ने भी साथ छोड़ दिया है हमारा, हम लोग यहां फंसे हुए हैं। हम लोग यह गुहार लगा रहे हैं अपनी भारत सरकार से, कृ पया वह हमारी मदद करें और जितने भी फंसे हुए हमारे भारतीय हैं, उनको यहां से जल्द से जल्द निकालने की कोशिश करें। हम आपका अभार मानेंगे। यह देखिए सर, सब फंसे हुए हैं, न खाने को कुछ है हमारे पास, न बैठने की व्यवस्था सही है। चार दिन से हम ऐसे ही बैठे हुए हैं। न सो रहे हैं न खा रहे हैं, परिवार टेंशन में है। सर आपसे गुजारिश है, जल्द से जल्द हमारा रेस्क्यू किया जाए।

### धीरेंद्र प्रताप 18 अगस्त को भू कानून को लेकर सत्याग्रह में करेंगे प्रतिभाग

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक धीरेंद्र प्रताप कल 18 अगस्त को दिल्ली में स्थित उत्तराखंड सदन के सम्मुख उत्तराखंड भू कानून संघर्ष समिति दिल्ली एनसीआर द्वारा आयोजित सत्याग्रह में प्रतिभाग करेंगे। धीरेंद्र प्रताप ने आज कहा भू–कानून को उत्तराखंड में जल्द से जल्द लागू किया जाना समय की सबसे बड़ी मांग है। उन्होंने कहा कि राज्य बनते ही सन 2000 में इसे लागू किया जाना चाहिए था। अब इसमें 21 वर्ष ज्यादा हो चुके हैं, इसलिए सरकार को चाहिए कि वह इस कानून को जल्द से जल्द लागू करें ताकि उत्तराखंड की कीमती जमीन की लूट बंद हो सके और आने वाले समय में वहां के स्थानीय नागरिक बेघर होने से बच सकें। उन्होंने कहा यदि ऐसा नहीं किया गया तो उत्तराखंड का पृथक राज्य का दर्जा दिया जाना फिजूल हो जाएगा.।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।